# जबलपुर के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय कराटे में दिखाया दम




**नवभारत, जबलपुर/सिहोरा।** संस्कारधानी जबलपुर के खिलाड़ियों ने विगत दिवस आयोजित की गई 5वी राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में 1 स्वर्ण, एवं 4 कांस्य पदक प्राप्त किया। मध्य प्रदेश के लिए जबलपुर के गौरव सिंधिया 60 किलो से कम भार वर्ग में स्वर्ण पदक, आरती तिवारी ने अंडर 21 50 किलो से कम भार वर्ग में एक कांस्य पदक, सीनियर 50 किलो से कम भार वर्ग में एक कांस्य पदक एवं महिला टीम फाइट में कांस्य पदक जीता, वहीं सपना पांडे ने टीम फाइट में कांस्य पदक जीता। ज्ञात हो कि 39 वर्षीय कराटे के विक्रम अवार्डी खिलाड़ी गौरव सिंधिया का यह अधिकृत राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 20वां स्वर्ण पदक है।जबलपुर की ओर से राष्ट्रीय जज मधु त्रिपाठी ने प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका निभाई।

खिलाड़ियों के इस उपलब्धि पर मध्य प्रदेश ओलम्पिक संघ के सचिव दिग्विजय सिंह, कराटे डेवलपमेंट एसोसिएशन जबलपुर के अध्यक्ष एडवोकेट जय सचदेवा एवं जिला खेल अधिकारी आशीष पांडे ने बधाई दी एवं हर्ष व्यक्त किया।

# आदिवासी गोड़ी कल्चर के फागों का रंगारंग कार्यक्रम कल

**▸ गढ़ा पुरवा में मां माला देवी प्रांगण में रंगपंचमी पर होगा आयोजन**

**नवभारत,जबलपुर।** भारतीय सर्वजनजाति सेना के तत्वावधान में रंगपंचमी 8 मार्च को गढ़ा पुरवा स्थित माँ माला देवी प्रांगण में आदिवासी प्राकृतिक संरचना एवं गोड़ी कल्चर के फागों का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम गोंडवाना साम्राज्य के प्रथम शासक धानू उइके की परंपरा और 52 गढ़-57 परगना की प्रथम शक्ति पीठ माँ मालदेवी की स्थापना की ऐतिहासिक परंपरा को स्मरण करते हुए आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक लखनादौन श्रीमती शशि ठाकुर (रानी साहिबा पंचेलगढ़) रहेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी मदन सिंह ताराम करेंगे। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. संजीव बरकड़े, केसरी मरकाम, इंजीनियर विजय सिंह मरावी, जिला पंचायत सदस्य मुन्नी बाई उइके, रामकुमार सैयाम, एकता ठाकुर, जनपद सदस्य शिव प्रसाद मरकाम (बरगी) तथा निलेश सिंह मर्सकोले (छपारा, सिवनी) शामिल रहेंगे। आयोजन को लेकर भारतीय सर्वजनजाति सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष इन्द्रकुमार कुलस्ते, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धनराज सिंह पुसाम, राष्ट्रीय महासचिव शैलेश सिंह सहित उमा उइके, अंजना इनवाती, मानकी तेकाम, मालती, सुमन, राजकुमार तेकाम, राकेश भलावी, जगतिया वरकड़े, रमेश धुर्वे, लखन कुलस्ते, दीपक मरावी, तुलसीराम तिलगाम, कृपा गोड़, संतोष, मुन्ना सिंह, प्रहलाद, रामेश्वर इरकिरा, अमर सिंह, लक्ष्मण सिंह, विनोद कोल, दस्सी सल्लाम आदि ने समाज के सभी बंधुओं से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।



# चतुर्थ फोर्स कप क्रिकेट स्पर्धा आज से

**▸ रेल सुरक्षा बल के तत्वावधान में विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों की टीमें मैदान में होंगी**

**नवभारत,जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर द्वारा रेल सुरक्षा बल के मार्गदर्शन में 'चतुर्थ फोर्स कप - 2026' क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 7 मार्च से 15 मार्च 2026 तक रेलवे ग्राउंड, जबलपुर में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में लगभग 10 सुरक्षा एजेंसियों की टीमें भाग लेंगी, जिनमें करीब 180 खिलाड़ी शामिल होंगे। यह आयोजन अधिकारियों और कर्मचारियों को मानसिक एवं शारीरिक रूप से फिट रखने के साथ-साथ सुरक्षा बलों के बीच सौहार्द, टीम भावना और आपसी समन्वय बढ़ाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। प्रतियोगिता का पहला मैच आज सुबह 10:30 बजे खेला जाएगा, जबकि फाइनल 15 मार्च को दोपहर 1:30 बजे होने की संभावना है। इस दौरान विभिन्न तिथियों में सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारी और कर्मचारीगण भी उपस्थित रहेंगे।

## अंतर जिला अंडर-18 क्रिकेट प्रतियोगिता आज से

**नवभारत,जबलपुर।** जबलपुर संभागीय क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंतर जिला अंडर-18 आयु वर्ग की एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता आज से एमपीसीए स्टेडियम, नीमखेड़ा में शुरू हो रही है। जिनमें पहला मुकाबला डिंडोरी और मंडला के बीच सुबह 9 बजे से खेला जाएगा।

# विवादित संपत्ति पर तीसरे पक्ष का हित न हो प्रभावित

**हाईकोर्ट ने अंतरिम निर्देश देते हुए अनावेदकों से मांगा जवाब**



**नवभारत, जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एक मामले में अंतरिम राहत देते हुए कहा है कि अगली सुनवाई तक विवादित संपत्ति में किसी तीसरे पक्ष का हित प्रभावित न हो। जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने एडीशनल कमिश्नर जबलपुर, एसडीओं जुन्नारदेव छिंदवाड़ा सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

छिंदवाड़ा निवासी गुलाब यदुवंशी की ओर से अधिवक्ता आशीष ठाकुर ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि वे स्वर्गीय भागचंद यदुवंशी के वैध वारिस हैं। उन्होंने बताया कि एसडीओं ने 5 जुलाई 2023 को पैतृक कृषि भूमि के असमान और कपटपूर्ण विभाजन को निरस्त कर दिया था। अनावेदक लालचंद यदुवंशी ने एसडीओं के आदेश को अतिरिक्त आयुक्त की कोर्ट में चुनौती दी। एडीशनल कमिश्नर ने 12 जनवरी 2026 को एसडीओं के आदेश को निरस्त कर दिया। इसलिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। दलील दी गई कि विभाजन पूरी तरह असमान था, बिना किसी पूर्व सूचना, जांच या वैध प्राधिकार के किया गया था। इसलिए प्रारंभ से ही वह शून्य है। जिसके बाद न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।

# अधारताल-बरगी में चाकूबाजी, दो घायल

**नवभारत, जबलपुर।** पिछले 24 घंटों के भीतर अधारताल और बरगी थाना क्षेत्रों में अवैध वसूली और शराब के लिए पैसे न देने पर चाकूबाजी हुई। जिसमें दो युवक घायल हो गए। पुलिस ने दोनों मामलों में अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी अनुसार अधारताल थाना अंतर्गत विनोबा नगर निवासी आर्यन रजक (20) पर उसके परिचित फरहान और उसके साथियों ने हमला कर दिया। आर्यन रात करीब 10 बजे अपने दोस्त शिवा के साथ माही मेडिकल के पास खड़े था तभी आरोपियों ने उनसे जबरन 1,000 रुपये की मांग की। पैसे देने से मना करने पर आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान फरहान के एक दोस्त ने चाकू से आर्यन की जांघ पर वार कर दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। इसी तरह बरगी थाना क्षेत्र के ग्राम चुरिया में भी चाकूबाजी हुई। सीमेंट फैक्ट्री में काम करने वाला राकेश बरकडे (34) से गांव के ही ओमकार सैय्याम ने शराब पीने के लिए 1,000 रुपये मांगे। राकेश द्वारा इंकार किए जाने पर उसने राकेश की पसली में चाकू घोंप दिया। वारदात के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला।

# जुआ फड़ पर पुलिस की दबिश, 5 जुआरी गिरफ्तार

**नवभारत, जबलपुर।** खितौला पुलिस ने सकरी मोहल्ला में चल रहे एक जुआ फड़ पर दबिश देकर 5 जुआरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से ताश के पत्तों सहित हजारों की नकदी जब्त की है।

खितौला थाना प्रभारी रमन सिंह मरकाम ने बताया कि सकरी मोहल्ला में शेख मुसाहिद के मकान के पास ताश के पत्तों पर रुपयों की हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे सौरभ सिंह, महेन्द्र विश्वकर्मा, सौरभ कोल तीनों निवासी, सत्यम नामदेव, अनिल कुमार लोधी दोनों निवासी रेल्वे फाटक के पास खितौला को पकडा गया, जुआड़ियों के पास एवं फड़ से ताश के 52 पत्ते व 5 हजार 540 रूपये जप्त कर जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

# किराएदार की दबंगई, मकान खाली करने को कहा तो मालकिन को पीटा

**नवभारत, जबलपुर।** गढ़ा थाना अंतर्गत एकता चौक गंगासागर क्षेत्र में किराए के मकान को लेकर चल रहा विवाद मारपीट तक पहुँच गया। मकान खाली करने का कहने पर किरादार ने दबंगई दिखाई और मालकिन की पिटाई कर दी।

पुलिस के मुताबिक एकता चौक निवासी दीक्षा रैकवार के पिता लालू रैकवार और बड़े पिता विजय रैकवार का पुश्तैनी मकान एकता चौक पर है। साल 2013 में यह मकान गुलशन बी को किराए पर दिया गया था। 2018 में पिता के निधन के बाद से किराएदार ने किराया देना बंद कर दिया। मकान खाली न करने पर मामला 2021 से न्यायालय में भी विचाराधीन है। सुबह जब दीक्षा अपने मकान में रहने के उद्देश्य से वहाँ पहुँची और गुलशन बी व उसके पति आरिफ से मकान खाली करने को कहा, तो दोनों भड़क गए। दंपति ने दीक्षा के साथ अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए उसे हाथ-घूंसों से जमकर पीटा। मारपीट में दीक्षा के सिर, हाथ की कलाई, कमर और पैर में चोटें आई हैं। शोर सुनकर पीड़िता का भाई शोभित रैकवार मौके पर पहुँचा और बीच-बचाव किया। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# करोड़ों लेकर बंद किया निर्माण कार्य

**सतना, 06 मार्च.** लोटस इंफ्रारिएल्टी लिमिटेड के डायरेक्टर नीरज चौरसिया ने कोवेन्ट कोर्ट कॉम्पलेक्स नाम से निमार्णाधीन शॉपिंग काम्पलेक्स दिखाकर कॉम्पलेक्स की लगभग सभी दुकानें ग्राहकों को बिक्रय कर करोड़ों की राशि लेने के बाद शॉपिंग मॉल का निर्माण कार्य बंद कर दिया.

इसी निमार्णाधीन कॉम्पलेक्स की दूसरी मंजिल में निर्मित होने वाली दुकान नंम्बर एसएस-एस5 जिसकी बेसिक कीमत 17 लाख 90 हजार रुपए है, को 23 नवंबर 2015 को 51 हजार रुपए देकर विराट नगर निवासी हिमांशु गर्ग ने भी बुक किया था. जिसके एवज में हिमांशु गर्ग ने 10 लाख 51 हजार का भुगतान कर दिया. कॉम्पलेक्स का निर्माण कार्य बन्द हो जाने पर हिमांशु गर्ग ने शेष राशि का भुगतान नहीं किया और बिल्डर से अपनी जमा राशि की मांग की. डायरेक्टर नीरज चौरसिया ने ना तो निर्माण कार्य प्रारम्भ किया और ना ही हिमांशु गर्ग की जमा रकम ही लौटाई. जिससे परेशान होकर हिमांशु ने अपने अधिवक्ता अजय सिंह रघुवंशी के माध्यम से एमपी रियल स्टेट रेगुलेटरी एथॉर्टी, रेरा भवन, भोपाल के समक्ष ब्याज सहित रकम वापसी एवं बिल्डर के विरूद्ध कार्यवाही किए जाने की शिकायत प्रस्तुत की।

# रोजा अफ्तार के बाद निकले बुजुर्ग का शव पहाड़ी में मिला

**नवभारत, जबलपुर।** कटंगी थाना अंतर्गत बदबदा मोहल्ला में रोजा अफ्तार के बाद घर से निकले 60 वर्षीय बुजुर्ग का शव पहाड़ी में फांसी के फंदे पर झूलता मिला।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शहनाज बी निवासी बदबदा मोहल्ला कटंगी ने सूचना दी कि पति शेख शहीद रोजा खोलने के बाद बोले कि अभी आता हूॅ खाना निकाल रखो, पति के जाने के बाद काफी देर तक पति नहीं आये तो अपने देवर के लड़के जफर और ससरफराज से बतायी, जिसके बाद पति की तलाश किये पहाड़ी पर जाकर देखा तो चिरोल के पेड़ से उसे पति शेख शहीद फांसी लगाकर लटके थे जिनकी मौत हो चुकी थी

# नशे में धुत युवक पंलग से गिरा, मौत

**नवभारत, जबलपुर।** हनुमानताल थाना अंतर्गत सिंधी कैम्प में अत्यधिक शराब के सेवन से युवक पलंग से गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई।

पुलिस के मुताबिक सिंधी कैम्प, बड़ी मदार टेकरी निवासी 34 वर्षीय अनिल कुमार बीती रात अत्यधिक शराब का सेवन किया था, जिसके बाद वह अनियंत्रित होकर पलंग से गिर गया था।

परिजनों ने उसे गंभीर हालत में उपचार के लिए विक्टोरिया अस्पताल पहुँचाया था, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मेडिकल अस्पताल में भर्ती अनिल कुमार की हालत गंभीर बनी हुई थी, जिसने शुक्रवार सुबह लगभग 10 बजे उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत गांधीग्राम जनपद पंचायत सिहोरा जिला जबलपुर (म.प्र)**

**साप्ताहिक बैठकी बाजार नीलामी सूचना**

समस्त आम जनता एवं बाजार ठेकेदारो को सूचित किया जाता है। की ग्राम पंचायत गांधीग्राम की साप्ताहिक बैठकी बाजार की नीलामी वर्ष 2026-2027-01 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक के लिये नीलामी दिनांक 20/03/2026 को बाजार की नीलामी की जावेगी। नियम व शर्तो का अवलोकन कार्यालयीन समय यर कार्यालय ग्राम पंचायत गांधीग्राम की सूचना पटल पर देख सकते है।

सरपंच
ग्राम पंचायत गांधीग्राम
ज.प.सिहोरा. जि.जबलपुर (म.प्र.)

सचिव
ग्राम पंचायत गांधीग्राम
ज.पं.सिहोरा, जि. जबलपुर (म.प्र.)

**भारतीय खाद्य निगम**
क्षेत्रीय कार्यालय, चेतक भवन, महाराणा प्रताप नगर, भोपाल (म.प्र.) 462011
दूरभाष: 0755-2573444, फैक्स : 0755-2573418, ईमेल: srmmp.fci@nic.in

क्र. S&C/15/RTC/R&C NIT/2026/07 दिनांक: 07.03.2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

जोखिम एवं खर्च पर ठेकेदार की नियुक्ति के लिए Government E Marketing Portal (URL:https://gem.gov.in) पर online प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते है। कार्य की जानकारी, महत्वपूर्ण तिथियों, ईएमडी एसडी एवं निविदा के बारे में विस्तृत विवरण वेबसाइट www.fci.gov.in & www.gem.gov.in पर उपलब्ध विस्तृत एनआईटी एवं एमटीएफ में देखा जा सकता है।
किसी विवाद की स्थिति में निविदा आमंत्रण सूचना का अंग्रेजी रूपांतरण मान्य/वैध होगा।

महाप्रबंधक (क्षेत्र)

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**
// निविदा आमंत्रण सूचना//

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | PRO- 951<br>Date- 06/03/2026<br>2026_UAD_487797_1 | संभाग क्र. 07 आधारताल अंतर्गत आने वाले 5 वार्डो में विभिन्न प्रकार के मरम्मत कार्य। (प्रथम निविदा) | 04 माह<br>15.64 | 2,000/-<br>11750/- | 20/03/2026 |
| 2. | PRO- 951<br>Date- 06/03/2026<br>2026_UAD_487797_2 | संभाग क्र. 07 निर्मलचंद जैन वार्ड अंतर्गत इन्द्रप्रस्थ सामुदायिक भवन में सुरक्षा की दृष्टि से बाउड्रीवाल का निर्माण कार्य।(द्वितीय निविदा) | 03 माह<br>9.90 | 2,000/-<br>9900/- | 20/03/2026 |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम जबलपुर

**- जाहीर नोटीस -**
चांदूर बाजार येथिल वि. सह दिवाणी न्यायाधीश यांच्या न्यायालयात

R.C.S.No. 03/2001 F.F. 15/04/2026

वादी -
नरेंद्रसिंग गहलोद व इतर
विरुध्द -
प्रतिवादी -
ब्रिजपालसिंग व इतर

बनाम
१. लिलाबाई नरेंद्रसिंग गहलोद
२. विक्रमसिंग नरेंद्रसिंग गहलोद
१ व २ रा. उखरी रोड मडहुबन कॉलनी, शिवमंदिर जवळ, जबलपूर ता.जि. जबलपूर, मध्यप्रदेश

ज्याअर्थी, वादी यांनी या न्यायालयामध्ये प्रतिवादी यांच्याविरूध्द दावा दाखल केला असून, प्रस्तुत प्रकरण प्रलंबीत असतांना वादी **नरेंद्रसिंग हनुमानसिंग गहलोद** हे मरण पावले आहे. त्यांचे मृत्यूनंतर तुम्ही उक्त वादी यांचे प्रतिनिधी आहात आणि त्यांचे जागी तुम्हाला प्रतिवादी करायचा आहे असे कथन करणारा अर्ज या न्यायालयात दाखल केला आहे.

म्हणून सदर अर्जावर आपले म्हणणे मांडण्यासाठी दिनांक 15/04/2026 रोजी मध्यान्ह ११ वाजता या न्यायालयामध्ये हजर होण्यासाठी बोलावण्यात येत आहे आणि उपरोक्त दिवशी तुम्ही हजर न राहिल्यास तुमच्या गैरहजेरीत दाव्याची सुनावणी होउन निर्णय देण्यात येईल.

आज दि. 28/1/2026 रोजी माझ्या सहीने व न्यायालयाच्या शिक्क्यानिशी दिले

आदेशानुसार
सहाय्यक अधिक्षक
दिवाणी व फौजदारी
न्यायालय चांदुरबाजार

**- जाहीर नोटीस -**
चांदूर बाजार येथिल वि. सह दिवाणी न्यायाधीश (क.स्तर) यांच्या न्यायालयात

R.C.S.No. 1700003/2001 F.F. 15/04/2026

वादी -
नरेंद्रसिंग हनुमानसिंग गहलोद व इतर
विरुध्द -
प्रतिवादी -
ब्रिजपालसिंग रणजीतसिंग गहलोद व इतर

प्रति,
१. लिलाबाई नरेंद्रसिंग गहलोद
२. विक्रमसिंग नरेंद्रसिंग गहलोद
१ व २ रा. उखरी रोड मडहुबन कॉलनी, शिवमंदिर जवळ, जबलपूर ता.जि. जबलपूर, मध्यप्रदेश
३. त्रिवेणीबाई बलदेवसिंग परमार
४. नितीन बजरंगसिंग परमार
५. विपिन बजरंगसिंग परमार
६. नमिता विजेंद्रसिंग तोमर
७. नीता विष्णुसिंग दीक्षित
३ ते ७ रा. नैनीताळ चौक, मस्जीदच्या मागे जबलपुर ता.जि. जबलपुर, मध्यप्रदेश.

ज्याअर्थी **ब्रिजपालसिंग रणजीतसिंग गहलोद व इतर** यांच्याविरूध्द, **नरेंद्रसिंग हनुमानसिंग गहलोद व इतर** यांनी वरील दावा दाखल केला आहे आणि वरील दाव्यात उपस्थित होणारे सर्व प्रश्न परिणामकारकरीत्या व पूर्णतः न्यायनिर्णित करण्यासाठी व त्यांची तड लावण्यासाठी प्रतिवादी म्हणुन तुम्हाला सामील करून घेणेच जरूर वाटते म्हणून तुम्हाला त्याप्रमाणे सामील करून घेण्यास तुमची संमती आहे किंवा नाही ते या न्यायालयास 15/04/2026 रोजी किंवा त्यापूर्वी कळवणे जरूर आहे याची दखल घ्यावी.

आज दि. 28/01/2026 रोजी माझ्या सहीने व न्यायालयाच्या शिक्क्यानिशी दिले.

आदेशानुसार
सहाय्यक अधिक्षक
दिवाणी न्यायालय (क.स्तर), चांदुरबाजार

**MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY**
(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
3rd Floor, Vikas Bhawan, Arera Hills, Bhopal (M.P.)
No. 2133 /22/D-12/MPRRDA/2026 Bhopal, Dated : 05.03.2026

**WITHDRAWAL OF TENDER NOTICE**

The Request for Proposal (RFP) invited for the "Engagement of Consultants for Preparation of Detailed Project Report (DPR) of Roads/CDs under PMGSY-IV of MPRRDA, vide NIT No. 1501/22/D-12/DPR Cons./MPRRDA/2025, Bhopal Dated 13.02.2026 published in newspapers on 14.02.2026 and uploaded on website on **https://mptenders.gov.in**, stands withdrawn with immediate effect.

Any bids/proposals submitted in response to the aforementioned NIT along with requisite tender cost and bid security shall be refunded in accordance with the e-procurement guidelines.

M.P. Madhyam/124775/2026 CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)

**पश्चिम मध्य रेल**
सामग्री प्रबंधक विभाग
निविदा सूचना संख्या वरि.भंडार आपूर्ति हेतु ई म.सा.प्र./ईपीएस/03/2026

वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-खरीद प्रणाली के जरिये निम्नलिखित विज्ञापन निविदाएं आमंत्रित करते है। इसमें हस्तलिखित प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे। पूर्ण विवरण विनिर्देशन् के लिए http://ireps.gov.in पर ई निविदा की जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

| Sr No. | Tender No. | Short Description | Tendered Qty. |
|---|---|---|---|
| 1 | 94256188 | HHT-Hand Held Terminal, TAB etc. as per attached specification. Comprehensive warranty with 3 year of equipment. Bureau of Indian Standards for the IS 13252 (Part-1) 2010/IEC 60950-1:2005 Applicable. [Warranty Period: 36 Months after the date of delivery] | 587 Nos. and 185 Nos. |
| 2 | 94265090 | Supply & Installation of minimum 50000 Lumens Portable LED Light Tower with Genset with Telescope Mast height minimum 4000mm and LED Luminaries 360 W-with flexibility of 180 degree to 360 Degree Coverage. Features with Power Control with RF Device with Wireless remote & Mobile app through WiFi Device (QR Code). | 12 Nos. |

उपरोक्त सभी निविदाओ में संख्या क्रं. 1 और 2 की निविदा खुलने की दिनांक 20.03.2026 है।
वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग मण्डला (म.प्र.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

विज्ञापन आमंत्रण क्र 32/2025-26 मण्डला, दिनांक : 02/03/2026

निम्नलिखित कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के मार्फत निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईड पर ऑनलाईन भुगतान करने पर वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगे।

| ग्रुप क्र. | टेण्डर आई.डी. | जिला | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | ठेके की अनुमानित लागत राशि (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र की राशि | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1. | 2026_PHED_486608_1 | मण्डला | जिला मण्डला के कलेक्टर कार्यालय एवं कलेक्टर बंगला में नर्मदा नदी के तट पर मिट्टी के कटाव को रोकने के लिए रिटेनिंग वॉल का निर्माण कार्य। | द्वितीय आमंत्रण | 84.05 | 84050 | 1000 | 06 माह वर्षाकाल सहित |
| | | | | योग रू. | 84.05 | - | - | |

उपरोकत वेबसाइट पर ऑनलाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 11/03/2026 (17.30) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। सभी दस्तावेज ऑनलाईन ही स्वीकार नहीं की जावेगी। अलग से कोई भी दस्तावेज इस कार्यालय में प्राप्त नहीं किया जावेगा।

जी-26924/25 स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता

कार्यपालन यंत्री
लो. नि.विभाग (भ/स)
संभाग मण्डला